an>

Title: Request to allot land under Transfer of Development Rights (TDR) benefit to construct roads, garden and playgrounds in Mumbai.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : महोदय, मुम्बई शहर में मेरे संसदीय क्षेत्र में सीपीडब्ल्युडी की सैंट्रल गवर्नमेंट की जमीन है। इस जमीन पर मालोनी जैसे परिसर में, जहां मुस्लिम बहुल समाज के लोग रहते हैं, वहां सीपीडब्ल्युडी रास्ता निकालने के लिए जमीन देने जा रही है। वहां खेल का मैदान और गार्डन के लिए जगह आरक्षित है। इनके लिए जमीन नहीं दी जा रही है। आजादी के 70 साल तक भी पूर्व की सरकारों ने कायदा नहीं बनाया है, इसलिए लोगों को बहुत परेशानी होती है। मुझे खुशी है कि महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री श्री देवेन्द्र फड़नवीज जी ने मार्च, 2017 में यह कायदा बना दिया है। अब केंद्र सरकार को टीडीआर बेनिफिट मिलेगा। यह जमीन अगर तुरंत दे दी जाती है, तो बहुत सारे रास्ते बनेंगे और गार्डन तथा खेल के मैदान भी बनेंगे।

माननीय सभापति :

श्री सी.पी. जोशी,

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल और

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री गोपाल शेट्टी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।